RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : मंगलवार 21 नवंबर 2023 | वर्ष 05 | अंक 209 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## मकाऊ कैसिनो में 3.5 करोड़ उड़ाने का आरोप;
# फडणवीस ने किया पलटवार

**मुंबई: शिवसेना (यूबीटी) के राज्यसभा सदस्य संजय राउत ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने दावा किया कि मकाऊ के एक कैसिनो में जुआ खेलते हुए बावनकुले ने साढ़े तीन करोड़ रुपये खर्च किए।**



भाजपा ने इस आरोप पर पलटवार करते हुए उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य ठाकरे की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की। इसमें उनके हाथ में एक गिलास देखा जा सकता है। भाजपा ने इस तस्वीर के साथ पूछा है कि प्रदेश के पूर्व मंत्री किस ब्रांड की व्हिस्की पी रहे हैं?

इससे पहले संजय राउत ने बावनकुले की एक तस्वीर साझा की थी। उन्होंने दावा किया था कि यह तस्वीर चीन के विशेष प्रशासनिक क्षेत्र मकाऊ के एक कैसिनो की है। उन्होंने आरोप लगाया कि बावनकुले ने वहां जुआ खेल रहे थे। इस दौरान उन्होंने तीन घंटे में ही साढ़े तीन करोड़ रुपये उड़ा दिए।

राउत ने कहा कि मेरे पास बावनकुले की 27 तस्वीरें हैं। इसके अलावा पांच वीडियो मेरे पास हैं। मैं उन्हें जारी नहीं करने की मयार्दा का पालन कर रहा हूं। अगर मैं उन वीडियो को जारी कर दूं तो उन्हें और उनकी पार्टी को शर्मिंदगी का सामना करना पड़ेगा।

इस बीच महाराष्ट्र उप-मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि यह मुद्दा राउत की गिरी हुई मानसिकता की देन है। यह उनकी कुंठा को दिखाता है। उन्होंने दावा किया कि बावनकुले अपने परिवार के साथ वहां गए थे। वे एक रेस्तरां में खाना खा रहे हैं। वहीं एक कैसिनो भी चलता है। जानबूझकर अधूरी तस्वीर डाली गई है। पूरी तस्वीर में बावनकुले, उनकी पत्नी, बेटी और पूरा परिवार साफ दिख रहा है।

## अजित पवार खेमे ने दाखिल किया फर्जी हलफनामा
# चुनाव आयोग से कार्रवाई की मांग



**मुंबई:** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के शरद पवार गुट ने सोमवार को चुनाव आयोग से अजित पवार के धड़े के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करने का अनुरोध किया। उन्होंने दावा किया कि अजित गुट ने आयोग के समक्ष फर्जी हलफनामा दाखिल किया। इस साल दो जुलाई को अपने चाचा शरद पवार के खिलाफ बगावत कर अजित पवार, एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार में शामिल हो गए थे। इससे दो दिन पहले तीस जून को अजित पवार ने चुनाव आयोग का रुख किया था और पार्टी के नाम के साथ-साथ चुनाव चिह्न पर दावा किया। इसके बाद चालीस सांसदों के समर्थन से उन्होंने खुद को पार्टी का अध्यक्ष घोषित कर दिया था।

शरद पवार की सोमवार को चुनाव आयोग में चौथी व्यक्तिगत सुनवाई हुई। इस सुनवाई के बाद उनके वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने पत्रकारों से कहा कि अजित पवार खेमे की ओर से दाखिल कथित फर्जी हलफनामों को धोखाधड़ी की 24 श्रेणियों में वर्गीकृत किया जा सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह अजित पवार खेमे की ओर से की गई पूरी तरह से बेशर्म धोखाधड़ी है।

सिंघवी जब पत्रकारों से बात कर रहे थे तब शरद पवार वहां मौजूद नहीं थे। सुनवाई शुक्रवार को भी जारी रहेगी। सिंघवी ने कहा कि विरोधी गुट ने की ओर से पेश एक भी हलफनामे में शरद पवार के खिलाफ एक शब्द भी नहीं कहा गया है। उन्होंने कहा, चुनाव आयोग के पास अधिकार क्षेत्र है और उसे इस तरह की खुली जालसाजी और धोखाधड़ी के लिए आपराधिक शिकायत दर्ज करनी चाहिए, जो भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के तहत उसकी शक्ति भी है।

## मुंबई में रोज धुलेगी 1000 किमी सड़क, प्रदूषण नियंत्रण के लिए महाराष्ट्र CM एकनाथ शिंदे के आदेश पर BMC का एक्शन
# मुंबई में कुल 2050 किमी. मुख्य सड़क

**मुंबई:** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने पिछले दिनों मुंबई में प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए मुंबई की 1000 किमी. सड़कों को प्रतिदिन धोने का निर्देश बीएमसी को दिया था। बीएमसी ने 1 दिसंबर से इन सड़कों को पानी से धोने की योजना बनाई है। बीएमसी के अडिशनल कमिश्नर डॉ. सुधाकर शिंदे ने बताया कि अभी मुंबई की करीब 267 किमी. लंबी सड़कें प्रतिदिन पानी से धोई जा रही हैं। बीएमसी ने अभी सड़क की धुलाई के लिए 150 टैंकर भाड़े पर लिया गया है, जिसकी मदद से धुलाई कार्य किए जा रहे हैं। हमारी योजना सोमवार से मुंबई की 500 किमी. लंबी सड़कों को धोने की है, जबकि 1 दिसंबर से मुंबई की 1000 किमी लंबी सड़कें धोई जाएंगी। इतनी लंबी सड़कों की धुलाई के लिए करीब 500 टैंकर पानी की आवश्यकता होगी।



**सभी वॉर्ड को दिया गया निर्देश**

उन्होंने कहा कि सभी 24 वॉर्डो के असिस्टेंट कमिश्नर को निर्देश दिया गया है कि वे पानी की व्यवस्था करें। मुंबई में कुल 2050 किमी. मुख्य सड़क है, जिसमें से आने वाले दिनों में प्रतिदिन 1000 किमी. लंबी सड़क को एक दिन छोड़कर लगातार धुलाई की जाएगी। 24 वॉर्डों में 60 फीट से अधिक चौड़ाई वाली सड़कों, व्यस्त फुटपाथों की सफाई और धुलाई का काम तेजी से किया जा रहा है। इसमें कुल 357 सड़कें और 676 किमी. लंबी सड़कें भी शामिल हैं। सड़कों से धूल साफ करने के लिए रीसाइकल से उपलब्ध पानी के साथ-साथ तालाबों, कुओं, बोरबेल जैसे स्थानीय जल स्रोतों से उपलब्ध पानी का उपयोग किया जा रहा है।

**उपनगरों की सड़कों पर फोकस**

मुख्यमंत्री के निर्देश पर मुंबई में 3 नवंबर से सड़कों की धुलाई का काम शुरू किया गया है। प्रदूषण से निपटने के लिए अब तक मुंबई सिटी की ही ज्यादातर सड़कों की धुलाई की जा रही है। इसके लिए बीएमसी को आलोचना का सामना भी करना पड़ा है। क्योंकि सबसे ज्यादा प्रदूषण मालाड, बांद्रा, गोवंडी जैसे स्थानों पर रेकॉर्ड हुआ है। इसलिए बीएमसी ने सड़कों पर पानी के छिड़काव का दायरा उपनगरों में बढ़ाने का निर्णय लिया है।

# गर्लफ्रेंड से झगड़ा हुआ तो मुंबई पुलिस के कांस्टेबल ने फांसी लगाकर कर ली सुसाइड
## जान देने से पहले फोटो भी क्लिक की

**मुंबई: मोहब्बत की आग किसी की जिंदगी को रोशन कर देती है और किसी को जलाकर राख कर देती है। ताजा मामला मुंबई के वरली इलाके से सामने आया है। मुंबई में एक पुलिस कांस्टेबल ने सिर्फ इसलिए फांसी लगाकर जान दे दी क्योंकि उसका अपनी गर्लफ्रेंड से झगड़ा हो गया था। पुलिस कांस्टेबल की उम्र महज 27 साल है।**

उसने न केवल सुसाइड की बल्कि सुसाइड करने से पहले फांसी का फंदा गले में डालकर फोटो भी क्लिक की और इस फोटो अपनी गर्लफ्रेंड की दोस्त को भेज दिया, जिससे गर्लफ्रेंड को पता लग जाए कि उसने सुसाइड की है।

**क्या है पूरा मामला?**

कांस्टेबल और उसकी गर्लफ्रेंड के बीच झगड़ा इसलिए हुआ था क्योंकि कांस्टेबल इंस्टाग्राम पर दूसरी लड़कियों से बातचीत करता था। एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना बीती रात 10 बजे की है, जब सालुंखे ने लाइब्रेरी की खिड़की पर लगे लोहे के ग्रिल पर फांसी लगाकर सुसाइड कर ली। सालुंखे मुंबई पुलिस के लोकल आर्म्स विभाग में पोस्टेड था। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, सालुंखे मुंबई के गोरेगांव इलाके में रहने वाली एक महिला से प्यार करता था। दोनों साथ में इसी साल अप्रैल महीने से थे। आरोप है कि मृतक कांस्टेबल दूसरी महिलाओं के साथ इंस्टाग्राम पर बातचीत करता था, जिस वजह से उसका और उसकी प्रेमिका के बीच झगड़ा हुआ।



**बीती शाम 4 बजे के करीब हुआ था झगड़ा**

सूत्रों ने बताया कि बीती शाम 4 बजे के करीब वर्ली चौपाटी पर दोनों के बीच झगड़ा हुआ, जिसके बाद 6 बजे के करीब कॉन्स्टेबल उसे दादर स्टेशन छोड़कर आया। इसके बाद साढ़े 6 बजे के करीब उसने अपनी प्रेमिका को सोशल मीडिया पर ब्लॉक कर दिया और रात दस बजे के करीब फांसी लगाकर सुसाइड कर ली। पुलिस ने मृतक कांस्टेबल के भाई का बयान दर्ज किया है, जिसमें उसने किसी को आरोपी या किसी पर संदेह व्यक्त नहीं किया है।

## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### गारंटियां अथवा रेवड़िया

अभी जारी विधानसभा चुनावों में प्रधानमंत्री मोदी ने भी खूब 'गारंटियां' बांटी हैं। उन्होंने भरोसा भी दिया है कि उनकी गारंटियों के मायने हैं कि काम निश्चित तौर पर होगा। कांग्रेस ने हिमाचल और कर्नाटक के चुनावों में 'गारंटी' का राजनीतिक प्रयोग किया था, जो कामयाब रहा। प्रधानमंत्री भी उनसे प्रभावित लगते हैं, लिहाजा भाजपा के घोषणा-पत्र में ऐसी गारंटियों का उल्लेख है। खुद प्रधानमंत्री ने कई चुनावी जनसभाओं में 'मोदी की गारंटी' के जरिए मतदाताओं, खासकर महिलाओं, को आश्वस्त करने की कोशिशें की हैं। कुछ गारंटियां गौरतलब हैं। किसानों को 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना' के तहत 6000 रुपए सालाना उनके बैंक खातों में जमा कराए जाते हैं। ऐसे 8-10 करोड़ किसानों में 15 किस्तें बांटी जा चुकी हैं। उसके बावजूद भाजपा घोषणा-पत्र में वायदा किया गया है कि किसानों के खातों में 12,000 रुपए सालाना डाले जाएंगे। किसानों के संदर्भ में ही उल्लेखनीय है कि केंद्रीय कृषि मूल्य आयोग ने गेहूं और धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) क्रमशः 2275 रुपए और 2200 रुपए प्रति क्विंटल घोषित किए थे, लेकिन राजस्थान और मध्यप्रदेश के भाजपा घोषणा-पत्रों में 2700 रुपए और 3100 रुपए देने का आश्वासन दिया गया है। एमएसपी केंद्र का अथवा राज्य का लागू होगा? राज्य सरकारें कितनी खरीद कर सकती हैं? किसानों के अलावा, कोई और वर्ग या समुदाय नहीं है, जिन्हें ऐसी 'गारंटियों' की सख्त जरूरत हो? भाजपा ने छात्रों को 'स्कूटी' देने की भी घोषणा की है। बेहद गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मोदी ने 'मुफ्त अनाज योजना' को 5 और साल, यानी 2028 तक, बढ़ाने की जन-घोषणाएं खुद ही की थीं, लेकिन भारत सरकार के 'पत्र सूचना ब्यूरो' ने एक विज्ञप्ति जारी की है कि 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना' को एक साल के लिए बढ़ाया गया है।

इस विरोधाभास का सच क्या है? खुद प्रधानमंत्री ही सार्वजनिक मंच से इसे स्पष्ट करें। कांग्रेस ने भी 'गारंटियों' की भरमार लगा दी है। उसका आश्वासन है कि सरकारें बनीं, तो 100 यूनिट, किसी राज्य में 200 यूनिट, तक बिजली मुफ्त, किसानों के 2 लाख रुपए तक के कर्ज माफ, 3000 रुपए बेरोजगारी मासिक भत्ता, घर की मुखिया महिला को 15,000 रुपए सालाना, एक लाख सरकारी नौकरियां दो साल में छत्तीसगढ़ में और 2.5 लाख सरकारी नौकरियां पांच साल में राजस्थान में, मुफ्त स्वास्थ्य योजना आदि की लंबी फेहरिस्त है। अनसुलझा सवाल है कि किसे 'गारंटी' माना जाए अथवा क्या 'मुफ्तखोरी की रेवड़ी' है? क्या दोनों ही देशहित में नहीं हैं? फिर 'कल्याणकारी राज्य' की परिभाषा क्या है? क्या सामाजिक सुरक्षा देना सरकार का दायित्व नहीं है? कई सवाल हैं। प्रधानमंत्री मोदी कई बार चिंता और सरोकार जताते हुए राज्य सरकारों को चेता चुके हैं कि इन 'मुफ्तखोरी की रेवड़ियों' से देश की अर्थव्यवस्था बिगड़ सकती है। राज्य सरकारों पर कर्ज के बोझ पहले से ही बहुत ज्यादा हैं, लेकिन सवाल प्रधानमंत्री और उनकी पार्टी भाजपा पर भी हैं। क्या उनकी 'गारंटियां' विकासपरक हैं? यदि 5 और साल 'मुफ्त अनाज' की योजना जारी रहती है, तो 2 लाख करोड़ रुपए सालाना का अतिरिक्त बोझ सरकारी खजाने पर पड़ेगा। जाहिर है कि अर्थव्यवस्था भी प्रभावित होगी, क्योंकि मौजूदा सरकार की सोच गैर-जरूरी सबसिडी-विरोधी है। अभी तो विधानसभा चुनाव जारी हैं, लेकिन आम चुनाव, यानी लोकसभा चुनाव भी, बहुत दूर नहीं है। करीब चार महीनों में वे चुनाव भी 'चरम' पर होंगे। दोनों राष्ट्रीय दलों में 'गारंटियों या रेवड़ियों' पर महासंग्राम के हालात होंगे। मोदी सरकार से वित्तीय घाटे और अन्य राजकोषीय विसंगतियों की अपेक्षा नहीं की जाती।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# अमरावती के फार्मासिस्ट कोल्हे की हत्या के आरोपी को जमानत देने से कोर्ट का इनकार, जानें मामला

**मुंबई :** मुंबई की एक विशेष अदालत ने पिछले साल अमरावती के फार्मासिस्ट उमेश कोल्हे की हत्या के एक आरोपी को जमानत देने से इनकार कर दिया और कहा कि आवेदक अपराध की साजिश में शामिल था, इसे दिखाने के लिए विशिष्ट आरोप और सामग्री हैं. कोल्हे ने पैगंबर मोहम्मद के बारे में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की पूर्व प्रवक्ता नूपुर शर्मा की विवादास्पद टिप्पणियों का समर्थन करते हुए सोशल मीडिया पोस्ट साझा की थी. कोल्हे की 21 जून, 2022 को मुंबई से लगभग 650 किलोमीटर दूर स्थित पूर्वी महाराष्ट्र के अमरावती शहर में हत्या कर दी गई थी.



विशेष न्यायाधीश राजेश कटारिया ने 10 नवंबर को पारित आदेश में कहा कि आरोपी मुशिफिक अहमद के खिलाफ अपराध की कथित साजिश में शामिल होने के संबंध में पर्याप्त सामग्री है. अदालत ने अभियोजन एजेंसी राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) द्वारा लगाए गए आरोपों और आरोप पत्र में उसके द्वारा प्रस्तुत सामग्री को जोड़ते हुए कहा, ''अपराध बहुत गंभीर प्रकृति का है.'' अदालत ने कहा, ''सामग्री की समग्रता पर विचार करते हुए अपराध में आवेदक (अहमद) की भूमिका जाहिर होती है. ऐसा साबित करने के लिए विशिष्ट आरोप और सामग्री हैं कि आवेदक ने अपराध की साजिश में शामिल था और सह-अभियुक्त व्यक्तियों की सहायता की थी.'' न्यायाधीश ने कहा कि यह नहीं कहा जा सकता कि अहमद के खिलाफ आरोप ''स्वाभाविक रूप से असंभव या पूरी तरह अविश्वसनीय'' हैं. अदालत ने जमानत याचिका खारिज करते हुए अपने आदेश में कहा, ''यह मानने के उचित आधार हैं कि आवेदक के खिलाफ आरोप प्रथम दृष्टया सही हैं.'' अहमद ने जमानत का अनुरोध करते हुए अपनी याचिका में दावा किया कि उसे मामले में फंसाया गया है और उसने कथित अपराध में कोई भूमिका नहीं निभाई है. उसने कहा कि वह एक स्थानीय मस्जिद का इमाम और एक सामाजिक कार्यकर्ता है. एनआईए ने याचिका का विरोध किया और दावा किया कि अहमद मुख्य साजिशकताओं में से एक था और उसने मामले में अन्य सह-आरोपियों की मदद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.

# ठाणे और नवी मुंबई में स्काईवॉक पर लूटपाट... मामला दर्ज





**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे और नवी मुंबई में स्काईवॉक पर लूटपाट की दो अलग-अलग घटनाओं के संबंध मामले दर्ज किए गए। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि दोनों घटनाएं रविवार को हुईं। चितलसर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि 26 वर्षीय एक युवक काम से लौट रहा था। रात करीब आठ बजे ठाणे शहर में आर मॉल के पास एक स्काईवॉक पर एक व्यक्ति पीछे से आया और उसे धक्का दे दिया।

अधिकारी ने बताया कि आरोपी ने पीड़ित युवक से 25,000 रुपये मूल्य का मोबाइल फोन छीन लिया। उन्होंने बताया कि जब पीड़ित ने अपना फोन वापस लेने की कोशिश की तब आरोपी ने उसे मुक्का मारा, जिससे वह घायल हो गया। अधिकारी ने कहा कि आरोपी ने पीड़ित को अपराध के बारे में पुलिस से शिकायत करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी। एक अन्य अधिकारी ने बताया, एक अन्य घटना में 26 वर्षीय युवक शाम करीब साढ़े सात बजे नवी मुंबई के तुर्भे नाका में स्काईवॉक पर था, तभी स्काईवॉक के नीचे रहने वाली दो महिलाओं समेत चार लोगों ने युवक के सिर पर चाकू से हमला किया तथा उसके पास से मोबाइल फोन और 4,100 रुपये की नकदी छीन ली। अधिकारी ने बताया कि घटना के तुरंत बाद घायल पीड़ित ने पुलिस से संपर्क किया। पुलिस ने बताया कि दोनों घटनाओं के संबंध में मामले दर्ज कर जांच जारी है।

# महाराष्ट्र में भीषण भूकंप से कांपी धरती, रिक्टर स्केल पर इतनी मापी गई तीव्रता

**हिंगोली:** महाराष्ट्र में एक बार फिर आज सुबह भूंकप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.5 मापी गई। हालांकि भूकंप की तीव्रता बेहद कम थी जिसके चलते यह बेहद कम महसूस हो सका। सुबह-सुबह पांच बजकर नौ मिनट पर यह भूकंप आया। जानमाल के किसी तरह के नुकसान की कोई खबर नहीं है। आमतौर पर भूकंप के ऐसे झटके लोगों को महसूस नहीं हो पाते। फिर भी लगातार रह-रहकर आते भूकंप ने लोगों की चिंताएं बढ़ा दी है। बता दें कि महाराष्ट्र के इस इलाके में पिछले कुछ दिनों से लगातार भूकंप के झटके महसूस होते रहे हैं। ऐसे में लोग अब इसको लेकर चिंता में हैं।



**क्यों आता है भूकंप?**

दरअसल, धरती की मोटी परत जिसे टेक्टोनिक प्लेट्स कहा जाता है, वह अपनी जगह से खिसकती रहती है। ये प्लेट्स अमूमन हर साल करीब 4-5 मिमी तक अपने स्थान से खिसक जाती हैं। ये क्षैतिज और ऊर्ध्वाधर, दोनों ही तरह से अपनी जगह से हिल सकती हैं। इस क्रम में कभी कोई प्लेट दूसरी प्लेट के निकट जाती है तो कोई दूर हो जाती है। इस दौरान कभी-कभी ये प्लेट्स एक-दूसरे से टकरा जाती हैं। ऐसे में ही भूकंप आता है और धरती हिल जाती है। ये प्लेटें सतह से करीब 30-50 किमी तक नीचे हैं।

**कैसे करें बचाव?**

अगर अचानक भूकंप आ जाए तो घर से बाहर खुले में निकल जाएं। यदि आप घर में फंस गए हों तो बेड या मजबूत टेबल के नीचे छिप जाएं। घर के कोनों में खड़े होकर भी खुद को बचा सकते हैं। भूकंप आने पर लिफ्ट का प्रयोग बिल्कुल न करें। खुले स्थान में जाएं। पेड़ व बिजली की लाइनों से दूर रहें। इसके अलावे भूकंप रोधी मकान भी उतने ही जरूरी होते हैं। यह हालांकि बहुत महंगा नहीं होता, पर इसे लेकर लोगों में जागरूकता की कमी के कारण अक्सर लोग इसकी अनदेखी कर बैठते हैं।

# डेढ़ माह में 4 हजार 285 वाहन चालकों पर कार्रवाई

**पालघर:** जिला यातायात नियंत्रण शाखा ने नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है. बताया गया कि डेढ़ माह में परिवहन विभाग से रिकार्ड 18 लाख 25 हजार जुर्माना वसूला गया. वहीं, शराब पीकर गाड़ी चलाने के 49 मामले दर्ज किये गये. पालघर जिले में वाहन दुर्घटनाओं में कई लोगों की जान जा चुकी है। इस संबंध में यातायात विभाग ने



लापरवाही से वाहन चलाने वाले वाहन चालकों पर लगाम कसने के लिए जगह-जगह चेकपॉइंट स्थापित कर कार्रवाई की है. परिवहन विभाग की ओर से की गई कार्रवाई में तीन पहिया रिक्शा, काली-पीली टैक्सी चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर अवैध यात्री परिवहन के खिलाफ कार्रवाई की गई. यातायात विभाग ने बताया कि यह कार्रवाई 25 अक्टूबर से 16 नवंबर तक की गई और इन वाहन चालकों से दो लाख 55 हजार 100 रुपये का जुर्माना वसूला गया. डेढ़ माह की अवधि में 4 हजार 285 वाहन चालकों पर कार्रवाई की गयी.



# भिवंडी में एनएचएम के कर्मियों का बेमुद्दत काम बंद व थालीनाद आंदोलन

## आंदोलन पर बैठी सैंकडों महिला कर्मचारीयों ने की 'समान काम समान वेतन' की मांग

**मुस्तकीम खान**

**भिवंडी :** राष्ट्रीय आरोग्य अभियान कंत्राटी अधिकारी कर्मचारी समायोजन कृती समिती के बैनर तले एनएचएम के ठेका पद्धति पर काम करने वाली सैंकड़ों महिला और पुरुष कर्मचारीयों ने ''समान काम समान वेतन '' सहित अन्य मांगों की है साथ ही बेमुद्दत काम बंद की घोषणा करते हुए भिवंडी प्रांत कार्यालय के सामने धरना देते हुए थालीनाद आंदोलन किया गया जबकि कृती समिती द्वारा मांग पूरी न होने पर भविष्य में जोरदार आंदोलन करने की चेतावनी दी गई है। भिवंडी प्रांत कार्यालय के सामने धरने पर बैठे राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत ठेका पद्धति पर काम करने वाले कर्मियों ने प्रांताधिकारी को सौंपे ज्ञापन में बताया है कि महाराष्ट्र राज्य में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत वर्ष 2007 कार्यरत एनएचएम के संविदा अधिकारियों और कर्मियों ने 15 से 16 वर्षों तक आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करते हुए कोविड काल में प्रधान मंत्री और मुख्यमंत्री द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी अभियानों



में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत महत्वपूर्ण योगदान दिया है जिस की मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने भी सराहना की लेकिन अति महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने वाले इन कर्मचारियों को मिलने वाला वेतन से परिवार चलाना संभव नहीं है । इस लिए समान काम समान वेतन की मांग के साथ राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा अधिकारी कर्मचारी समायोजन संघर्ष समिति ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत काम करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को स्थाई करने सहित आगामी सरकारी भर्ती में 30% आरक्षण की जगह 50% आरक्षण देने की मांग करते हुए अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की है। प्रदर्शनकारियों में शामराव पाटील ने बताया कि मैं पिछले 20 वर्षों से ठेका पद्धति पर काम कर रहा जिस के लिय मुझे बहुत कम वेतन मिलता है जबकि स्थाई कर्मचारियों को इसी काम के लिय 1 लाख रुपए वेतन दिया जा रहा है । उन्होंने बता की पूरे राज्य में इसी तरह का आंदोलन हर डिस्ट्रिक और शहर के सरकारी कार्यालय के सामने एनएचएम के कर्मियों द्वारा दिया किया जा रहा है जो बिना किसी लिखित आश्वासन के खत्म नहीं किया जाएगा । महिला कर्मी कोमल मारुति जगताप ने कहा की कोविडकाल के दौरान हम लोगों ने अपना परिवार न देखते हुए जन खतरे में डाल लोगों को स्वस्थ सेवाएं प्रदान की लेकिन फिर भी आज एक डिग्री होने के बाद भी हम लोगों को वेतन कम और अस्थाई कर्मियों को ज्यादा वेतन दिया जाता है ।

## एकनाथ शिंदे गुट विधायक दिलीप मामा लांडे ने भव्य तरीके से छट महापूजन किया आयोजित

## कुर्ला शीतल तलाव हजारों की संख्या मे छटव्रती महिलाओ डूबते सूर्या को अर्घ देकर पति की लंबी आयु की कामना





**मुंबई (फिरोज सिद्दीकी)** उत्तर भारतियों का सबसे बड़े पर्व के तौर पर मनाया जाने वाला छट महापुजा पूर्वांचल, बिहार, झारखंड के लोगो का बड़ा पर्व के तौर पर जाना जाता है । गौरतलब हो की का चंदीवाली विधानसभा क्षेत्र मे विभिन्न रहीवासीय इलाकों मे छट पूजा को देखते हुए एल विभाग बीएमसी की ओर से छट पूजा के लिए कुर्ला शीतल तलाव, शिवाजी मैदान , संघर्ष नगर, तुंगा गावों मे कृत्रिम तलाव को विकसित किया था। उल्लेखनीय तौर पर बीएमसी ने उत्तर भारतीयों को ज्यादा दूर दराज न जाना पड़े। इसके लिए विभाग मे ही कृत्रिम तलाव बनाकर सूर्य को अर्घ देने की व्यवस्था किया है । कहा जाता है की उत्तर भारतीय संघ की ओर से कुर्ला शिताल तलाव मे चंदीवाली शिंदे गुट शिवसेना विधायक दिलीप लांडे के नेतृत मे हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बड़े ही भव्य पैमाने पर छट महापुजा का आयोजन किया था। मिडीया से बातचीत करते हुए दिलीप लांडे मामा ने कहा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मुझे इस वर्ष छट व्रती भक्त महिलाओ को अपनी पति की लंबी आयु के लिए सूर्या को अर्घ देने की व्यवस्था छट मैया का आशीर्वाद लेने के लिए करवाई है । हमारे उत्तर भारतीय भाईयो को किसी प्रकार की छट महापुजा करने मे कोई असुविधा न हो इसका ख्याल रखा है ।

## मनपा अयुक्त को हटाओ, भिवंडी बचाव की घोषणा कर मनपा के सामने विरोध प्रदर्शन...



**स्तकीम खान**

**भिवंडी :** शहर की विभिन्न समस्याओं के समाधान और जनता को मनपा द्वारा मूलभूत सुविधाएं देने को लेकर मनपा मुख्यालय के सामने राकांपा ( अजित पवार गुट) जिला अध्यक्ष देवानंद गोंड के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने एक दिवसीय भूख हड़ताल की साथ ही ''अयुक्त हटाओ, भिवंडी बचाव''की घोषणा कर विरोध प्रदर्शन किया। भिवंडी मनपा मुख्यालय के सामने शहर की गड्ढों से भरी क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत , पुराने विकास योजना के अनुरूप नए ड्राफ्ट प्लान की त्रुटियों को दूर करने, मनपा शिक्षा बोर्ड में प्रशासनिक अधिकारी की नियुक्ति सरकार द्वारा करने, अनाधिकृत निर्माण पर अंकुश लगाने , चाविंद्रा डंपिंग ग्राउंड बंद कर नागरिकों की स्वास्थ्य समस्या का समाधान , वार्ड नं 12 में बंद पड़े बालवाड़ी और शौचालय को तुरंत शुरू करने, न्यू आजाद नगर में सोरती सोमनाथ मंदिर की सीढ़ियों का काम और स्टील ग्रिल लगाने सहित वरिष्ठ नागरिकों को दर्शन के लिए पहाड़ पर चढ़ने की सुविधा देने और पार्किंग स्थल का निर्माण करने जैसी विभिन्न मांगों को लेकर एनसीपी अजीत दादा पवार गुट ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया । इस अवसर पर पूर्व सांसद सुरेश टावरे, पूर्व विधायक रशीद ताहिर मोमिन, राजेश चव्हाण, कैलास घरत, एड. किरण चिन्ने, मनोज गगे, इरशाद अंसारी, समीर पटेल, सलीम शेख, मन्नान शेख, जमील मामा, रियाज खान, फारूक शेख ने सार्वजनिक रूप से इस एक दिवसीय धरना आंदोलन का समर्थन करते हुए मनपा आयुक्त अजय वैद्य के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया ।

## खाड़ी के किनारे मिला शव... मचा हड़कंप



**कल्याण :** कल्याण पश्चिम के गांधारी ब्रिज के खाड़ी में तैरता हुआ शव बरामद होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी है। दमकल विभाग के लोगों ने शव को बाहर निकाल कर स्थानीय के हवाले कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कल्याण पश्चिम के गांधारी पुल क्षेत्र में खाड़ी में एक व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। खबर मिलते ही दमकल विभाग के अधिकारी अपने कर्मचारियों के साथ घटना स्थल पर पंहुचकर शव को नदी सर बाहर निकाले। खड़कपाड़ा पुलिस से संपर्क करने पर पता चला कि आगे की जांच पाड़घा पुलिस कर रही है।

## छट मैया का आशीर्वाद लेने पहुंचे उपमुख्या मंत्री देवेंद्र फड़नाविस... पूर्व गृह राज्य मंत्री कृपा शंकर सिंह



**मुंबई (फिरोज सिद्दीकी)** छट पूजा के अवसर पर मुंबई जुहू समुद्र तट पर आयोजित छट महापर्व के स्टेज मे बिहारी संघ की ओर से आयोजित संगीत कार्यक्रम मे राज्य के उपमुख्या मंत्री देवेंद्र फड़नाविस, पूर्व गृह राज्य मंत्री कृपा शंकर सिंह छट मैया का आशीर्वाद लेने पहुंचे । पूर्व मंत्री कृपा शंकर सिंह ने राज्य की एकनाथ शिंदे, देवेंद्र फड़नाविस सरकार का छट व्रतियों के लिए जुहू समुद्र पर किये गये इंतजाम की सरहाना किया। इसके साथ की समुद्र तट पर उमडा छट व्रतियों का जनसैलाब को देखकर प्रशासन द्वारा की गई तैयारी अभी कम है। लेकिन आगामी वर्षों से इसमें काफी सुविधाएं होने की संभावना व्यक्त किया ।



# केंद्र और महाराष्ट्र में कांग्रेस की सत्ता आई तो आरक्षण पर बनेगी बात: पटोले



**मुंबई :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नाना पटोले ने सोमवार को कहा कि अगर उनकी पार्टी सत्ता में आती है तो वह सरकारी नौकरियों और शिक्षा में आरक्षण से संबंधित मुद्दों का समाधान करेगी। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि केंद्र और महाराष्ट्र सरकार इन मसलों का समाधान करने के लिये तैयार नहीं हैं। पटोले ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा किअगर कांग्रेस केंद्र और महाराष्ट्र में सत्ता में आती है, तो हम निश्चित रूप से इन लंबित मुद्दों का समाधान करेंगे ।पटोले ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी की जाति जनगणना की मांग इन मुद्दों की जड़ तक पहुंचने और इसके समाधान निकालने के हमारे संकल्प के अनुरूप है। महाराष्ट्र में ओबीसी श्रेणी के तहत सरकारी नौकरियों और शिक्षा में आरक्षण की मांग को लेकर कार्यकर्ता मनोज जरांगे के नेतृत्व में मराठा समुदाय द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। कुनबी मराठों को ओबीसी में शामिल करने के किसी भी कदम का अन्य पिछड़ा वर्ग समुदाय विरोध कर रहे हैं।

पटोले ने एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार पर उन किसानों के प्रति उदासीन होने का भी आरोप लगाया, जिनकी फसल अनियमित बारिश के कारण नष्ट हो चुकी है । कांग्रेस नेता ने कहा, ''राज्य में औद्योगिक निवेश घट रहा है। हर बार जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी महाराष्ट्र का दौरा करते हैं, तो वह निवेश के कुछ अवसर गुजरात ले जाते हैं, जिससे राज्य सरकार के राजस्व पर असर पड़ा है। नाना पटोले ने दावा किया कि कम से कम 16 मंत्री मुंबई में हुई पिछली कैबिनेट बैठक में शामिल नहीं हुए थे, जो शिवसेना-भाजपा-राकांपा सरकार में मामलों की स्थिति को इंगित करता है। पटोले ने कहा कि पहले से ही, मंत्रालयों के 17 पद खाली हैं। ऊपर से कैबिनेट की पिछली बैठक में भी 16 मंत्री शामिल नहीं हुए । इससे पता चलता है कि राज्य किस तरह की स्थिति से गुजर रहा है ।

# 15 दिसंबर से कृत्रिम वर्षा

## 15-20 दिनों में सारी प्रक्रिया होगी पूरी... दुबई की टीम से ली जा रही है मदद

**मुंबई :** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए कृत्रिम वर्षा के जरिये प्रदूषण से निपटने का प्लान बनाया गया है और खबर यह है कि 15 दिसंबर से कृत्रिम वर्षा की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। कुछ समय पहले ये पहल दिल्ली में की गई थी। महाराष्ट्र और मुंबई में इससे पहले कृत्रिम वर्षा कराई गई है। ऐसे में मुंबई मुंबई महानगर पालिका के पास कृत्रिम वर्षा का अनुभव है। लेकिन मुंबई में कृत्रिम वर्षा कब होगी और इस पर कितना खर्चा आएगा उस पर बीएमसी के अधिकारी ने जानकारी साझा की है।

**15-20 दिनों में सारी प्रक्रिया होगी पूरी**

बढ़ती प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए मुंबई महानगरपालिका 15 दिसंबर से मुंबई और आसपास के इलाकों में कृत्रिम वर्षा करने जा रही है। मुंबई महानगर पालिका के एडिशनल कमिश्नर सुधाकर शिंदे ने बताया कि संबंध में अगले सप्ताह टेंडर जारी किया जाएगा। अगले 15 से 20 दिनों में क्लाउड सीडिंग के



लिए सभी प्रक्रिया पूरी कर दी जाएगी। 15 दिसंबर के बाद मुंबई में कृत्रिम वर्षा की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

**दुबई की टीम से ली जा रही है मदद**

हालांकि कृत्रिम वर्षा में थोड़ा समय जरूर लगेगा, लेकिन उम्मीद है कि दिसंबर में अधिक प्रदूषण वाले क्षेत्र में कृत्रिम वर्षा होगी। जिससे मुंबई का प्रदूषण कम करने में मदद मिलेगी और शहर की वायु गुणवत्ता में सुधार आएगा। सुधाकर शिंदे ने कहा कि दुबई में अक्सर कृत्रिम बारिश का प्रयोग किया जाता है। हम उनके संपर्क में हैं कृत्रिम बारिश के लिए आवश्यक वातावरण, समय, स्थान निर्धारण, मौसम और बादल को देखने के बाद ही उसकी प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाता है।

**40 से - 50 लाख रुपए तक का खर्च**

इस प्रक्रिया में तीन से चार घंटे का समय लग सकता है। मुंबई में क्लाउड सीडिंग का प्रयोग सफल होने पर अगले 15 दिनों तक प्रदूषण की समस्या से राहत मिलेगी। इस प्रयोग पर एक बार में 40 से - 50 लाख रुपए तक का खर्च आता है।

# भिवंडी से भागा नाबालिग विरार स्टेशन पर मिला


**वसई :** बिना बताए एक शख्स घर से भाग गया, जिसे विरार आरपीएफ ने 17 नवंबर को रात्रि ड्यूटी में कार्यरत स.उप. निरी. हरफूल सिंह को स्टेशन क्षेत्र गस्त दौरान विरार प्लेटफॉर्म नं 2 पर एक लड़का अकेले में सुनसान बैठे पाए, जिसे पूछताछ करने पर अपना नाम सलमान (बदला हुआ नाम-नाबालिग ) निवासी-भिवंडी बताया। तथा घर से बिना बताए आ गया, जिसे आरपीएफ ने पोस्ट (विरार) पर लाकर उसके पिता का नंबर प्राप्त कर संपर्क कर उक्त लड़के के बारे में बताया, तथा विरार पोस्ट आने हेतु कहा। आरपीएफ निरीक्षक (विनित कुमार) विरार को उक्त बाबत अवगत कर आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त कर स.उप.निरी. हसमुख भाई ने उक्त नाबालिक लड़के से गहन पूछताछ करने पर उसने बताया कि वह 13 नवंबर को दीपावली की रात्रि को लगभग 8 बजे घर से बताए बिना भाग के मुंबई घूमता हुआ लोकल में बैठकर विरार आने का बताया।

# वसई/ बिना टिकट यात्रा करने वाले सैकड़ों यात्रियों पर गिरी गाज



**वसई :** टिकट चेकिंग के दौरान बड़ी संख्या में ट्रेनों में बिना टिकट यात्री मिले, चेकिंग अभियान से रेल के यात्रियों में खलबली मची। बातदे कि, स्पेशल टिकट चेकिंग अभियान में बिना टिकट यात्रा करने वालो पर रेल विभाग की गाज गिरी है। महज 4 घंटे की मुहिम में सैकड़ो यात्री बिना टिकट के पकड़े गए है। ऐसे लोगों से 88 हजार से अधिक की जुमार्ना की राशि वसूली गयी। जानकारी के अनुसार, कहीं आप भी ट्रेन में बिना टिकट यात्रा तो नहीं करते, अगर ऐसा तो सचेत हो चाहिए, क्योंकि पश्चिम रेलवे की ओर से 17 नवंबर 2023 को अंधेरी रेलवे स्टेशन पर स्पेशल टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान वाणिज्य विभाग व अंधेरी आरपीएफ के साथ मिलकर की गई।

# मुंबई पुलिस ने गवाह को धमकी देने के आरोप में छोटा शकील के साथी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की





**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने भगोड़े अपराधी छोटा शकील के कथित सहयोगी रियाज भाटी के खिलाफ दर्ज जबरन वसूली मामले में जेल से एक गवाह को धमकाने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है। एक पुलिस अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। भाटी जबरन वसूली के मामले में मुंबई की एक जेल में बंद है, जिसमें शकील का रिश्तेदार सलीम फ्रूट और पांच अन्य भी आरोपी हैं। मुंबई पुलिस ने मामले में ह्यमहाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियमह्व (मकोका) के प्रावधान लागू किए थे और सभी आरोपी वर्तमान में न्यायिक हिरासत में हैं। पिछले हफ्ते यहां खार पुलिस द्वारा भाटी के खिलाफ दर्ज की गई नयी प्राथमिकी के अनुसार, 43 वर्षीय एक व्यवसायी ने आरोप लगाया कि राजेश बजाज नाम के व्यक्ति ने वसोर्वा थाने में भाटी के खिलाफ दर्ज मामले में उसे अदालत में भाटी के पक्ष में बयान देने के लिए धमकी दी थी। बजाज को व्यवसायी पिछले 10 साल से जानता था। व्यवसायी के एक दोस्त ने 2021 में वसोर्वा थाने में भाटी के खिलाफ मामला दर्ज कराया था।

इस साल अगस्त में बजाज ने व्यवसायी को धमकी दी थी कि वह छोटा शकील गिरोह से नहीं उलझे। प्राथमिकी के अनुसार, वसोर्वा पुलिस में दर्ज मामले में जब चार नवंबर को व्यवसायी को अदालत में पेश होना था तब उसे भाटी से एक फोन आया जिसमें भाटी ने उससे कहा कि वह अन्य (गवाहों) को कहे कि वे उसके खिलाफ शिकायत नहीं दें। व्यवसायी इस बात से हैरान हुआ क्योंकि वह जानता था कि भाटी जेल में है। इसके बाद उसने अपने दोस्त को बातचीत रिकॉर्ड करने और फोन पर स्पीकर मोड पर लेने को कहा। अधिकारी ने कहा कि बातचीत को रिकॉर्ड करने के बाद व्यवसायी ने खार पुलिस से संपर्क किया और भाटी, उसके बेटे एवं बजाज के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

# मुंबई में फिर मिली सूटकेस में लाश

## लड़की को मारा फिर बैग में डाल मेट्रो के पास फेंक गए बदमाश

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में हत्या का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है. यहां के कुर्ला इलाके में रविवार (19 नवंबर) सूटकेस के भीतर से एक महिला का शव मिलने से हड़कंप मच गया. पुलिस की ओर से कहा गया कि यहां मेट्रो के निर्माण स्थल के पास मिले एक सूटकेस से एक महिला का शव बरामद किया गया. पुलिस ने बताया कि रविवार दोपहर करीब 12.30 बजे शांति नगर में सीएसटी रोड पर एक सूटकेस के लावारिस पड़े होने की सूचना उन्हें मिली थी. वहां मेट्रो परियोजना का काम चल रहा है.

एक पुलिस अधिकारी के मुताबिक सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तो सूटकेस के अंदर एक महिला का शव पाया. फिर उस शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया. महिला की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है. शुरुआती



जांच में अंदाजा लगाया जा रहा है कि महिला की उम्र 25 से 35 साल के बीच हो सकती है, लेकिन महिला की असली उम्र का पता फॉरेंसिक जांच के बाद ही पता चल पाएगी।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि अभी तक महिला की पहचान नहीं हो पाई है, लेकिन उसके शरीर को देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि उसकी उम्र 25-35 साल के बीच हो सकती है. महिला ने टी-शर्ट और ट्रैक पैंट पहना हुआ था. अधिकारी ने बताया कि कुर्ला पुलिस इस मामले की जांच कर रही है. मामले में सबूत जुटाने के लिए आस-पास के इलाके के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है.

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : शॉप नंबर ४ , मदीना मेंशन, ८९ ए, कैडल रोड, अपोजिट बिल्लाबोंग स्कूल, माहिम पश्चिम, मुंबई ४०००१६ , महाराष्ट्र मोबाइल नं 998777 5650 व्हाट्सप्प नं 7977408589: Email-editor@rokthoklekhaninews.com